आयुक्त न्यायालय, सारण प्रमण्डल, छपरा

आँगनबाड़ी पुनरीक्षण अपीलवाद संख्या–71/2021

1. सोनी कुमारी, पति–श्री प्रवीण कुमार।

बनाम्

1. कुमारी अनीता, पति–श्री जितेन्द्र कुमार।
2. जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, ICDS, सारण, छपरा।
3. बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, दरियापुर, सारण।
4. महिला पर्यवेक्षिका, जितवारपुर पंचायत, दरियापुर, सारण।

उपस्थिति / प्रतिनिधित्व

वादी की तरफ से :–विद्वान अधिवक्ता, श्री अरविन्द कुमार सिंह।

प्रतिवादी सं०–01 की तरफ से :–

सरकार की तरफ से :–विद्वान सरकारी अधिवक्ता, सारण।

आदेश

अनुसूची–**14** फार्म संख्या–**563**

आदेश की क्रम–संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	*आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ*
20.09.2024 **09.10.2024**	प्रस्तुत पुनरीक्षण अपीलवाद जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, ICDS. सारण, छपरा द्वारा आँगनबाड़ी वाद सं०–11 / 2019 में दिनांक–09.01.2021 को पारित आदेश के विरूद्ध इस स्तर पर दायर किया गया है। अपीलकर्त्ता के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। विद्वान सरकारी अधिवक्ता उपस्थित। अपीलकर्त्ता, श्रीमती सोनी कुमारी, पति–श्री प्रवीण कुमार के विद्वान अधिवक्ता द्वारा इस आशय का लिखित अनुरोध किया गया है कि अपीलकर्त्ता, पति के साथ बाहर रहती है एवं प्रश्नगत सेविका पद पर अपने चयन हेतु वाद आगे चलाये जाने की इच्छुक नहीं है, इसलिए वे अपना अपील आवेदन वापस लेना चाहती है। अपीलकर्त्ता के विद्वान अधिवक्ता द्वारा किये गये लिखित अनुरोध दिनांक–20.09.2024 के आलोक में उन्हें अपना अपील आवेदन वापस लेने की स्वीकृति दी जाती है। तदनुसार प्रस्तुत वाद को "Dismissed as withdrawn" किया जाता है। आई0टी0 सहायक को आदेश दिया जाता है कि आदेश प्राप्ति के 24 घंटे के अन्दर इस आदेश को आयुक्त कार्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। लेखापित एवं संशोधित आयुक्त आयुक्त	

WEB COPY NOT OFFICIAL